जिलाधिकारी बदायूँ एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ की अध्यक्षता में तहसील बिसौली में “संपूर्ण समाधान दिवस” का आयोजन पर जनता की समस्याओं को सुना गया व मौके पर निस्तारण किया गया।

आज दिनांक- 20.02.2023 को माह के तृतीय शनिवार को जनपद के प्रत्येक तहसील स्तर पर “संपूर्ण समाधान दिवस” का आयोजन किया जाता है, तृतीय शनिवार के सार्वजनिक अवकाश (महाशिवरात्री) के कारण नही हो पाया, जिसमे आज जिलाधिकारी महोदय श्री मनोज कुमार बदायूँ व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ डॉ0ओपी सिंह द्वारा तहसील बिसौली पर उपस्थित रहकर "संपूर्ण समाधान दिवस" की अध्यक्षता की गई । इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल की तहसीलों में उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराया गया।

सोशल मीडिया सैल,

जनपद बदायूँ।